# एबीवीपी ने कॉलेज प्रभारी प्राचार्य के खिलाफ दिया ज्ञापन

▸ नहीं हटाया मेडम को तो आयुक्त का फूंकेंगे पुतला




**जीरन।** कॉलेज प्रभारी प्राचार्य दीपा कुमावत के खिलाफ मामला कम होने का नाम नहीं ले रहा है,हमेशा से सुर्खियों में रहने वाली कुमावत का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। इतने विवादों में रहने के बाद भी उच्च शिक्षा विभाग अभी तक कोई कार्यवाही नहीं कर पाई।

बुधवार को छात्र संगठन एबीवीपी ने मेडम के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है एबीवीपी कार्यकर्ता ने कॉलेज के गेट पर ताला लगा कर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया लगभग एक घंटे से कॉलेज गेट पर एबीवीपी कार्यकर्ता ने नारेबाजी कर धरना प्रदर्शन किया उसके बाद लीड कॉलेज के प्राचार्य प्रशांत मिश्रा आएं और आश्वासन देकर धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ और एबीवीपी कार्यकर्ता ने ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में बताया कि जीरन महाविद्यालय में जो प्रभारी प्राचार्य के रूप में दीपा कुमावत कुर्सी पर आसीन है जिसने महाविद्यालय को तानाशाही का केंद्र बना रखा है इस विषय में विद्यार्थी परिषद के पूर्व में भी संबंधितों को अवगत कराया जा चुका है परंतु अभी तक कोई भी आशाजनक कार्यवाही नहीं हुई है जिसके चलते जीरन महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिन महापुरुषों को आदर्श मानकर छात्र-छात्राओं को उनके जीवन में सर्वांगीण विकास के लिए अग्रसर किया जाता है उन्ही महापुरुषों की तस्वीरों को वहां लगाने से मना किया जाता है एवं हमारे राष्ट्रीय पर्व पर भी भारत माता की तस्वीर लगाने से मना करती है जिन रास्तों से विद्यार्थियों का विकास का मार्ग प्रशस्त होता है उन्ही मार्गों को वह बाध्य करने में लगी हुई है जिससे जीरन महाविद्यालय में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं का भविष्य अंधकार में है इसी बाबत जीरन के स्थानीय निवासी भी इसके विरोध में है और वे भी प्रदर्शन कई बार कर चुके हैं परंतु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है इस बाबत विद्यार्थी परिषद को मजबूर होकर विद्यार्थियों के भविष्य को देखते हुए आंदोलन करना पड़ रहा है जिसकी समस्त जवाबदारी महाविद्यालय प्रशासन की है।

एक और बात आपके संज्ञान में लाते हुए किसके नियम/परिपत्र/आदेश के अंतर्गत यहां प्रभारी प्राचार्य का दायित्व सोपा गया है इसकी भी कोई जानकारी नहीं है इस विषय में संबंधित अधिकारियों से पूछा तो उनके पास कोई जवाब नहीं मिला जिसके अंतर्गत महोदय से निवेदन है की जीरन महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य की नियुक्ति किसके आदेश पर हुई व किस आधार पर हुई है इसकी उचित जांच कर कार्यवाही कर हमें अनुग्रहित करें अन्यथा विद्यार्थी परिषद को उग्र आंदोलन करने हेतु बाध्य होना पड़ेगा क्युकी परिषद छात्र के भविष्य से जो खिलवाड़ हो रहा है उसे सहन नहीं करेगी इसलिए महोदय के समक्ष ज्ञापन प्रस्तुत कर रहे है और आशा है की लम्बे समय से चल रहे इस विवाद की जांच कर स्थायी कार्य वाही कर इस प्रभार की नियुक्ति में जो भी अधिकारी दोषी है उन पर भी कार्यवाई न्यायोचित है।महोदय से निवेदन है की सात दिन में उचित कार्यवाही कर जीरन प्रभारी प्राचार्य को उसके पद से बरखास्त कर छात्र हितो को संरक्षित किया जाये अन्यथा अगले चरण में पुरे नीमच से आवाहन होगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। एबीवीपी के इस ज्ञापन में भाग संयोजक अमन बैरागी, नगर मंत्री प्रथम जांगिड़, एव एबीवीपी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## गुरुद्वारे में अरदास के बाद जलाई लोहड़ी, सिख समाज ने मनाया पर्व

**नीमच।** नीमच शहर में सिख समाज ने मंगलवार रात लोहड़ी का पर्व मनाया। यह आयोजन नपा कार्यालय के सामने स्थित गुरुद्वारे में सिख समाज विकास समिति के देखरेख में हुआ। देर शाम बड़ी संख्या में सिख समाजजन गुरुद्वारे में एकत्रित हुए और अरदास की। अरदास के बाद सभी समाजजन गुरुद्वारे के बाहर इकट्ठा हुए। ज्ञानी साजनसिंहजी ने विशेष अरदास कर लोहड़ी जलाई। इसके बाद नवविवाहित दंपत्तियों और जिन परिवारों में पहली संतान का जन्म हुआ था, उन्होंने लोहड़ी की परिक्रमा की। सिख समाज के अन्य परिवारों ने भी परिक्रमा कर लोहड़ी में फुल्ली, तिल्ली और अन्य सामग्री अर्पित की।

### लोहड़ी जलाने के बाद गुरुद्वारे में लंगर प्रसादी का आयोजन

इस अवसर पर भाजपा पिछड़ा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष पवन पाटीदार भी सिख समाजजनों के साथ मौजूद रहे। लोहड़ी जलाने के बाद गुरुद्वारे में लंगर प्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें सभी समाजजनों ने प्रसादी ग्रहण की।

## एक नजर में

### नपा की कार्रवाई, नाले के पानी से खेत में सिंचाई करते पांच विद्युत मोटर जब्त



**नीमच।** शहर के दोनों और बहने वाले नालों से अवैध रूप से विद्युत मोटर लगाकर खेतों में सब्जियों व फसल में गंदे पानी से सिंचाई करने की शिकायत पर नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी दुर्गा बामनिया के नेतृत्व में जलकल विभाग के अमले ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए पांच विद्युत मोटर जप्त की। बुधवार 14 जनवरी को मुख्य नगर पालिका अधिकारी दुर्गा बामनिया ने जलकल विभाग के नाथू लाल नागर, कचरू लाल राठौर, मोहम्मद सलीम एवं अन्य कर्मचारियों के साथ जाकर महु रोड स्थित माधो पुरी बालाजी के पीछे प्राइवेट बस स्टैंड स्थित नाले से दो विद्युत मोटर लगाकर अवैध रूप से खेतों में सिंचाई करते हुए दो मोटर जप्त की! इसी प्रकार रोडवेज बस स्टैंड के पास स्थित मुक्तिधाम नाले के यहां से अवैध रूप से सब्जियों में सिंचाई करते एक विद्युत मोटर तथा शहाबुद्दीन बाबा रोड स्थित सिटी पुलिया के पास नाले से अवैध सिंचाई करते दो मोटर जप्त की। मुख्य नगर पालिका अधिकारी बामनिया ने बताया कि कुछ व्यक्तियों द्वारा अनाधिकृत रूप से नाले के गंदे पानी से सब्जियां व फसलों की सिंचाई की जा रही थी, जिसकी शिकायत मिलने पर उपरोक्त कार्रवाई की गई! बामनिया ने बताया कि आगे भी इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### युवा संगम रोजगार मेले में 265 युवा लाभान्वित



**नीमच।** जिला रोजगार कार्यालय नीमच एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) रामपुरा के संयुक्त तत्वावधान में युवा संगम रोजगार स्वरोजगार मेले का आयोजन मंगलवार को किया गया।इस मेले में कुल 336 युवाओं ने पंजीयन कराया इसमें से 265 युवाओं का प्राथमिक रूप से रोजागार के लिए चयन किया गया है। इस युवा संगम में मालवा पेट्रो प्रोडक्ट प्र.लि. भारत फाईनेंश्ल, टी.एस.पी.एल.ग्रुप पुणे पी.एम. फूड कॉर्पोरेशन एवं व्ही.ई. कमर्शियल प्रा. लि. पीथमपुर सहित प्रतिष्ठित कंपनियों ने सहभागिता की। यह जानकारी प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी श्री दिनेश परमार ने दी है।

### विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर नगर सिंगोली में निकली विशाल प्रभातफेरी



**सिंगोली।** संघ शताब्दी वर्ष को लेकर नगर सिंगोली में 28 जनवरी को आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर हिन्दू समाज द्वारा प्रतिदिन अलग अलग आयोजन किए जा रहे हैं।जिसमें दिनांक 14 जनवरी मकर संक्रांति पर्व के पावन अवसर पर हिन्दू सम्मेलन के कार्यकर्ताओं ओर बारी के बालाजी मित्र मंडल के मार्ग दर्शन में नगर के मध्य स्थित गूर्जर समाज के मंदिर से प्रात:काल 7 बजे से विशाल प्रभातफेरी निकाली गई जिसमें बडी संख्या में महिला पुरुष युवक युवतियों ने उत्साह के साथ भाग लिया भगवान के भजनों के साथ नाचते गाते युवाओं ओर महिलाओं की टोली ने प्रभातफेरी में जयघोष से आकाश को गुंजायमान कर दिया। प्रभातफेरी अहिंसा पथ बापु बाजार विवेकानंद बाजार पुराना बस स्टैंड तिलस्वां चौराहा नया बस स्टैंड होते हुए पुन: गूर्जर समाज मंदिर पर पहुंची जहां महाआरती के पश्चात सभी को प्रसाद वितरण किया गया। प्रभातफेरी के दौरान गोतमालय भवन के बाहर पत्रकार संघ द्वारा सभी के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई तथा जोधपुर मिष्ठान पर केसरिया दुध पिलाया गया। हिन्दू सम्मेलन को लेकर नगर में काफी उत्साह का वातावरण बना हुआ है।

### आदिनाथ जिनालय एवं जिनकुशल सूरी दादावड़ी की भव्य प्रतिष्ठा का प्रसंग आगामी 24 अप्रैल को

**नीमच।** आदिनाथ जिनालय एवं जिनकुशल सूरी दादावडी की भव्य प्रतिष्ठा का प्रसंग आगामी 24 अप्रेल 2026 को आ रहा है।इस अवसर पर खरतर गच्छाधिपति प.पू. जिनमणि प्रभ सागर सूरीश्वरी जी मा.सा. निश्रा प्रदान करने पधार रहे है। प्रतिष्ठा महोत्सव पर विभिन्न चढावे होना है जिसके लिए समाज का जाजम महोत्सव आगामी 17 जनवरी 2026 को जैन भवन मे प्रस्तावित है। जाजम महोत्सव सम्पन्न करवाने हेतु उपाध्याय प्रवर प.पू. अध्यात्म योगी श्री महेन्द्र सागर जी एवं प.पू. युवा मनीषी उपाध्याय श्री मनीष सागर जी म.सा. आदि ठाणा 20 दिनांक 16 जनवरी 2026 को प्रात: नीमच पधार रहे है। 16 जनवरी को प्रात: नवकारसी पश्चात गुरु भगवंतो का सामैया जुलूस शहर के प्रमुख मार्गो से निकलेगा और जैन भवन पहुँचकर धर्मसभा में परिवर्तित होगा।प्रवचन के दौरान जाजम बिछाने का चढ़ावा होगा। अगले दिन 17 जनवरी को जाजम बिछाने के लाभार्थी परिवार के निवास से जुलूस प्रारंभ होगा जो जैन भवन पहुंचेगा।जैन भवन में प्रतिष्ठा प्रसंग पर होने वाले विभिन्न आयोजनों का लाभ देने हेतु चढ़ावे बोले जाऐगें उपरोक्त जानकारी देते हुए प्रतिष्ठा महोत्सव के संयोजक अनिल नागोरी एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश जैन ने बताया की 24 अप्रैल की प्रतिष्ठा को भव्य बनाने की तैयारियां भव्य रूप से चल रही है।इसी कड़ी में जाजम महोत्सव मनाया जा रहा है।

## कैंपर से शहर में दूषित पेयजल वितरण पर नपा की कार्रवाई

▸ सैंपल फेल होने पर सीएमओ ने दो प्लांट को किया सील



**नीमच।** दूषित पेयजल से नागरिकों के बचाव हेतु नगर पालिका नीमच द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी दुर्गा बामनिया के नेतृत्व में लगातार की जा रही कार्रवाई के तहत बुधवार 14 जनवरी को बामनिया ने कैंपर वाले पानी का सैंपल फेल होने पर अधीनस्थ अमले के साथ जाकर पानी के दो प्लांट को सील करने की कार्रवाई की।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी दुर्गा बामनिया ने बताया कि नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु गत दिनों शहर में कैंपर द्वारा वितरण किए जाने वाले पानी के सैंपल लिए गए थे! सैंपल की जांच में पानी अशुद्ध पाए जाने पर नगर पालिका नीमच द्वारा ग्वालटोली स्थित एक्वा शीप चिल्ड वाटर प्लांट एवं बरुखेड़ा रोड स्थित शिवना चिल्ड वाटर प्लांट को सील किया गया! इस दौरान नगर पालिका के राजस्व अधिकारी संजय पाटीदार, महावीर जैन,हेमंत सिसोदिया, नपा केमिस्ट सुरेश पवार आदि भी सीएमओ के साथ थे।

सीएमओ श्रीमती बामनिया ने बताया कि शहर में निजी वाटर प्लांट से कैंपर द्वारा अशुद्ध पेयजल वितरण की शिकायत पर नगर पालिका द्वारा कैंपर द्वारा वितरण किए जाने वाले पानी के सैंपल लेकर उनकी जांच कराई गई जिसमें दो वाटर प्लांट के सैंपल अमानक पाए जाने पर दोनों प्लांट सील किए गए हैं! आगे भी इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## सीएमओ के नेतृत्व में अवैध निर्माण पर प्रभावी कार्रवाई

▸ माधोपुरी बालाजी के पीछे बगीचा नंबर 21 पर अवैध निर्माण रुकवा कर निर्माण सामग्री जब्त की




**नीमच।** नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा अवैध अतिक्रमण व अवैध निर्माण के खिलाफ मुख्य नगर पालिका अधिकारी दुर्गा बामनिया के नेतृत्व में जारी प्रभावी कार्रवाई के तहत 14 जनवरी बुधवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी बामनिया ने नगर पालिका टीम के साथ माधवपुरी बालाजी के पीछे स्थित बगीचा नंबर 21 पर पहुंचकर करीब 10000 फिट भूमि पर अवैध रूप से हो रहे निर्माण कार्य को रुकवाया तथा निर्माण में उपयोग लाई जा रही रेती, सीमेंट, गिट्टी आदि निर्माण सामग्री जप्त करते हुए अवैध निर्माणकर्ता को तीन दिवस में भूमि संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए!

इस दौरान राजस्व अधिकारी श्री संजय पाटीदार, बगीचा शाखा प्रभारी श्री महावीर जैन, राजस्व शाखा के श्री महेंद्र साहू,लोक निर्माण शाखा के श्री हेमंत सिसोदिया आदि भी मुख्य नगर पालिका अधिकारी के साथ थे!

मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती बामनिया ने बताया कि माधवपुरी बालाजी के पीछे बगीचा नंबर 21 में अवैध निर्माण किये जाने की शिकायत पर नगर पालिका अमले के साथ वहां पहुंचकर अवैध निर्माण रुकवाया गया एवं सामग्री जप्त कर अवैध निर्माणकर्ता मोतीलाल धाकड़ को तीन दिवस में भूमि संबंधी दस्तावेज नगर पालिका कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं! निर्धारित अवधि मैं दस्तावेज प्रस्तुत होने पर दस्तावेजों की जांच पश्चात नगर पालिका द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## राम धुन करते थाने पहुंचे ग्रामीण, निष्पक्ष जांच की मांग

▸ 32 साल पुरानी प्रभातफेरी पर आपत्ति के विरोध में जीरन थाने में दिया ज्ञापन



**नीमच/जीरन।** बुधवार सुबह जीरन के बाबा रामदेव रामधुन समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में नगरवासी राम नाम का जप करते हुए सीधे जीरन थाना पहुंचे। ग्रामीणों ने गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा लाउडस्पीकर को लेकर की जा रही शिकायतों पर गहरी नाराजगी जताई और इसे वर्षों से चली आ रही धार्मिक परंपरा में अनावश्यक बाधा बताया।

ग्रामीणों ने बताया कि गांधीनगर क्षेत्र में पिछले 32 वर्षों से निरंतर प्रभात फेरी और रामधुन का आयोजन किया जा रहा है, जो पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा है। इस धार्मिक आयोजन को लेकर आज तक पूरे क्षेत्र में किसी भी वर्ग या समाज द्वारा कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई है। विशेष बात यह है कि इस परंपरा में सभी धर्मों के लोग आपसी भाईचारे के साथ न केवल सहभागिता करते हैं, बल्कि सहयोग भी प्रदान करते हैं। नगरवासियों का आरोप है कि क्षेत्र के ही निवासी राकेश पिता वालूराम दशोरा द्वारा लगातार पुलिस को लाउडस्पीकर को लेकर झूठी शिकायतें की जा रही हैं, जबकि पुलिस की पहली समझाइश के बाद ही मंदिर के पुजारी ने लाउडस्पीकर की आवाज कम कर दी थी। इसके बावजूद बार-बार शिकायत दर्ज कर धार्मिक कार्य में बाधा उत्पन्न की जा रही है, जिससे क्षेत्रवासियों में रोष व्याप्त है।

आक्रोशित नगरवासियों ने जीरन थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। साथ ही उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि गांधीनगरवासियों की सामूहिक भावनाओं और आस्था का सम्मान करते हुए वर्षों से चली आ रही प्रभात फेरी और रामधुन को सुचारु रूप से जारी रखने की अनुमति प्रदान की जाए।



## पंजाबी समाज ने हर्षोल्लास से मनाया लोहड़ी पर्व

**नीमच।** नगर में पंजाबी समाज की ओर से मकर संक्रांति पर्व की पूर्व संध्या पर लोहड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। यह आयोजन मंगलवार रात नगर के रोटरी सामुदायिक भवन में हुआ, जिसमें शहर और अंचल के बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। प्रसिद्ध समाजसेवी अशोक अरोरा (गंगानगर) ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

कार्यक्रम के दौरान समाजजनों ने पारंपरिक रूप से लोहड़ी प्रज्ज्वलित की। परिवार सहित पवित्र अग्नि की परिक्रमा कर उसमें फुल्ली और रेवड़ी अर्पित की गई। पंजाबी समाज ने इस पर्व को मलमास की समाप्ति और नववर्ष के आगमन के प्रतीक के रूप में मनाया।

लोहड़ी प्रज्वलन के बाद उत्सव का माहौल बन गया। पंजाबी गीतों की धुन पर समाजजनों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए। बच्चों के लिए विशेष खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं को समाज के पदाधिकारियों की ओर से पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम का समापन सामूहिक भोज के साथ हुआ। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष संतोष पंजाबी, सचिव दिनेश गुलाटी, कोषाध्यक्ष हरीश छाबड़ा, रुचीराम छाबड़ा, नितिन हसीजा, हरीश दुआ, मुकेश सतीश खन्ना, अरुण कालरा और ढींगरा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और युवा उपस्थित रहे।

## एक दिवसीय नि :शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर 18 को

**नीमच।** उड़ान ग्रुप मिडिया प्रभारी श्री प्रदीप कुमार चौधरी ने जानकारी में बताया कि दिनांक 18 जनवरी 2026 रविवार को प्रात: 11ः00 बजे से दोपहर 3ः00 बजे तक जैन सोशल ग्रुप उड़ान के तत्वाधान में पीड़ित मानवता की सेवा के लिए एक दिवसीय नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन गांधी वाटिका के सामने दिवाकर भवन पर किया जा रहा है। शिविर में इंदौर के वरिष्ठ,ख्यातनाम होम्यो. चिकित्सक डॉ. ए.के.मोहंती सा. द्वारा चर्म रोगियों का एवं नीमच के, वरिष्ठ होम्यो.चिकित्सक डॉ. एम.एल. जैन द्वारा पथरी,प्रोस्टेट,एवं मूत्र रोग से संबंधित मरीजों का परीक्षण किया जाएगा, एवं सात दिन की दवाइयां नि:शुल्क प्रदान की जाएगी।




## चाइनीज मांझा बेचने पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, एक दुकानदार गिरफ्तार

**नीमच।** चाइनीस मांझे पर शासन द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के बावजूद नीमच शहर में इसकी बिक्री की शिकायतें लगातार सामने आ रही थीं। इसी कड़ी में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देश पर कैंट थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक दुकानदार को गिरफ्तार किया है तथा उसकी दुकान से चाइनीस मांझा और पतंगें जब्त की हैं।

कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक निलेश अवस्थी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नया बाजार क्षेत्र स्थित अजीजी बाबू भाई रंगरेज की दुकान पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान दुकान से चाइनीस मांझे के 5 बंडल, जिनकी कुल लंबाई लगभग 10 हजार मीटर बताई जा रही है, जब्त किए गए। इसके साथ ही बड़ी संख्या में पतंगें भी जब्त की गईं। पुलिस ने दुकान संचालक के पुत्र मोहम्मद आसिफ को मौके से गिरफ्तार किया।

थाना प्रभारी निलेश अवस्थी ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल द्वारा जिले में चाइनीस मांझे की बिक्री पर सख्त प्रतिबंध के निर्देश दिए गए हैं। इसी के तहत यह कार्रवाई की गई है। आरोपी मोहम्मद आसिफ के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 223(बी) एवं पर्यावरण संरक्षण अधिनियम की धारा 15 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।पुलिस का कहना है कि चाइनीस मांझा न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है, बल्कि इससे पक्षियों, पशुओं और आम नागरिकों की जान को भी गंभीर खतरा रहता है।

## एक नजर ▸ नीमच जिले की 51 हजार से अधिक महिलाओं को मिला लाभ

## गर्भवती महिलाओं के लिए सहारा बनी प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना

**नीमच।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना जरूरतमंद गर्भवती माताओं के लिए संबल बन रही है। योजना के माध्यम से गर्भावस्था के दौरान स्वास्थ्य, पोषण और सुरक्षित प्रसव के लिए मिलने वाली आर्थिक सहायता ने महिलाओं के चेहरे पर खुशी ला दी है। सरकार की इस योजना के तहत पहले जीवित जन्म के लिए पात्र महिलाओं को 5,000 रुपये की राशि सीधे उनके बैंक खाते में प्रदान की जाती है, जिससे गर्भावस्था के दौरान आवश्यक पोषण-सामग्री, दवाइयों और जांच का खर्च वहन करना आसान हो रहा है।

मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में इस योजना के क्रियान्वयन को और गति मिली है। राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्थानीय प्रशासन के समन्वय से लाभार्थियों तक योजना का लाभ त्वरित रूप से पहुँचाया जा रहा है।





नीमच जिले में इस योजना का सकारात्मक प्रभाव स्पष्ट दिखाई दे रहा है। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशन में जिले में अब तक लगभग 51397 महिलाओं को लाभ प्राप्त हो चुका है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, संहायिकाओं तथा आशा-उषा कार्यकर्ताओं के सक्रिय प्रयासों से गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीयन, टीकाकरण, स्वास्थ्य परीक्षण और संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किया जा रहा है। योजना के चलते मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने, बेहतर पोषण स्तर बनाए रखने और सुरक्षित मातृत्व को प्रोत्साहन देने के प्रयास सफल होते दिख रहे हैं। लाभान्वित महिलाएं प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त कर रही हैं और इस योजना को आर्थिक तथा सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने वाली महत्वपूर्ण योजना बता रही हैं।

नीमच महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अंकिता पंड्या ने बताया कि नीमच जिले में प्रधानमंत्री मातृवन्दना योजनांतर्गत कुल 51397 महिलाएं चिन्हित कर लाभान्वित की गई है। प्रधानमंत्री मातृवन्दना योजना 2017 से शुरू हुई है इसके तहत प्रथम प्रसव पर 5000 रुपए की राशि का प्रावधान महिलाओं के लिए है। साथ ही द्वितीय प्रसव पर यदि बालिका का जन्म होता है तो एकमुश्त 6000 रुपए का प्रावधान है। इस योजना से पूरे जिले की महिलाएं लाभान्वित हो रही है। अपनी पोषण संबंधी आवश्यकताएं, अपने गर्भावस्था के दौरान जो भी समस्याएं आती है उसके निराकरण के लिए महिलाएं इस राशि का उपयोग कर रही है।

जावद तहसील के गांव सकतपुरिया की रहने वाली सुश्री पूजा बंजारा ने बताया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से उन्हें प्रधानमंत्री मातृवन्दना योजना की जानकारी मिली। उनके गर्भावस्था के दौरान 3 महीने के टीके के बाद 3 हजार रुपए की राशि मिली है और उसके बाद 2 हजार की राशि मिली।